**भारत सरकार**

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 4737**

**उत्तर देने की तारीख : 31.03.2022**

**अल्पसंख्यक छात्रों को छात्रवृत्ति**

**4737. श्री एस. वेंकटेशन:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) वित्तीय वर्ष 2015 से 2021 के दौरान अल्पसंख्यक छात्रों को दी गई मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति, आबंटित धनराशि, वास्तविक व्यय और लाभार्थियों की संख्या का धर्म-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) वित्तीय वर्ष 2015 से 2021 के दौरान अल्पसंख्यक छात्रों को दी गई मेरिट-सह-साधन छात्रवृत्ति, आबंटित धनराशि, वास्तविक व्यय और लाभार्थियों की संख्या का धर्म-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**

**(श्री मुख्तार अब्बास नकवी)**

(क) और (ख): वर्ष 2014-15 से पहले संवितरित की गई 3.03 करोड़ की छात्रवृत्तियों की तुलना में वर्ष 2014-15 के बाद देश भर में 5.20 करोड़ की छात्रवृत्तियां स्वीकृत की गई है। वित्तीय वर्ष 2014-2015 से 2021-2022 के दौरान मैट्रिकोत्तर और मेरिट-सह-साधन आधारित छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत अल्पसंख्यक छात्रों को स्वीकृत छात्रवृत्तियों का धर्म-वार विवरण और उक्त अवधि के दौरान डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) मोड के तहत इन योजनाओं के तहत सीधे लाभार्थी के खातों में कुल स्वीकृत राशि का विवरण और संवितरण नीचे तालिका में दिया गया है:

**वित्तीय वर्ष 2014-15 से 2021-22 तक मैट्रिकोत्तर और मेरिट-सह-साधन आधारित छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत धर्म-वार विवरण***

| योजना | बौद्ध | ईसाई | जैन | मुस्लिम | सिख | पारसी | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति योजना | 12,98,637 | 53,13,905 | 4,58,665 | 3,36,11,677 | 35,90,880 | 6,015 | 9057.08 |
| मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना | 33,450 | 6,82,623 | 1,21,926 | 43,10,991 | 5,38,345 | 1,051 | 3426.81 |
| मेरिट-सह-साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना | 3,376 | 1,63,188 | 31,206 | 7,51,778 | 49,963 | 97 | 2670.81 |
| **कुल** | **13,35,463** | **61,59,716** | **6,11,797** | **3,86,74,446** | **41,79,188** | **7,163** | **15,154.70** |

*छात्रवृत्ति का संवितरण 2021-22 में जारी है।

*****